# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026




## खबर संक्षेप



### कुण्डा में सात दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ आज से

**हरिभूमि** कुण्डा। ग्राम कुण्डा में सात दिवसीय 7 से 13 फरवरी तक आध्यात्मिक चेतना, श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत सप्त दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। वहीं सात दिवसीय श्रीराम कथा के आयोजन से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। 7 से 13 फरवरी तक श्रीराम कथा सरदार पब्लिक स्कूल कुण्डा के तत्वाधान में थाना के सामने स्थित श्री यज्ञ स्थल पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें भक्तजनों व श्रद्धालुओं को प्रतिदिन दोपहर 01 से शाम 07 बजे तक श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। जिसमें कथा वाचन में जगतगुरु उपाधि से अलंकृत पूज्य ब्रह्मदेवाचार्य काशी-बनारस द्वारा 7 से 13 फरवरी तक, पं. प्रकाश चंद्र पाण्डेय जौनपुर उत्तरप्रदेश द्वारा 8 से 13 फरवरी, साध्वी डॉ. नीलम गायत्री मानस मणि, राष्ट्रीय प्रवक्ता जानकी कुंड चित्रकूट, सतना मध्यप्रदेश तथा पं. राजेंद्र प्रसाद शर्मा (मानस भूषण, छत्तीसगढ़ भाषा कथाकार, भैंसों जांजगीर-चांपा) 7 से 11 फरवरी तक कथा का वाचन करेंगे। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, कुलदीप कौर छाबड़ा, हरदीप सिंह सलूजा, प्रभात फेरी कुण्डा, दुःख निवारण गुरुद्वारा कुण्डा, ग्राम पंचायत कुण्डा सहित समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

### अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के बारे में सूचना जारी की

**हरिभूमि कवर्धा**। पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्वविद्यालय ने अध्ययन केन्द्र परिवर्तन के संबंध में सूचना जारी कर दी है। इसमें वे विद्यार्थी शामिल है, जो अध्ययन केन्द्र परिवर्तन कराएं है। यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड की गई है।

### कमेंटेटर नितेश टी20 वर्ल्ड कप करेंगे कवर

**कवर्धा**। छत्तीसगढ़ राज्य के ख्यात क्रिकेट कमेंटेटर एवं खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा आज 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के उद्घाटन मैच को कवर करेंगे। यह मैच भारत और अमेरिका के बीच आज शाम 6 बजे से आरंभ होगा। मैच से पूर्व अंतरराष्ट्रीय पॉप सिंगर बादशाह, नोरा फतेही, ऋषभ शर्मा और शिवामणि अपना रंगारंग कार्यक्रम पेश करेंगे। ज्ञात हो कि नितेश इसके पूर्व 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच कवर कर चुके हैं। कवरेज के दौरान उन्होंने देश विदेश के अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात भी की है। इसके अलावा 2024 में रायपुर में खेले गए छत्तीसगढ़ प्रीमियर लीग, राजनांदगांव में रानी सूर्यमुखी देवी क्रिकेट स्पर्धा सहित कवर्धा प्रीमियर लीग व भोरमदेव प्रीमियर लीग में कमेंट्री कर चुके हैं। इन स्पर्धाओं में उनकी कमेंट्री को पर्याप्त सराहना मिली है। आकाशवाणी व दूरदर्शन रायपुर से उनकी कई खेल समीक्षाएं व साक्षात्कार भी प्रसारित हो चुके हैं।

## धर्मनगरी में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन

# शहर में गूंजा बुद्धं शरणं गच्छामि

### बौद्ध सम्मेलन में उमड़े देश विदेश के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रज्ञागिरि में 33 वां अंर्तराष्ट्रीय बौद्ध सम्मलेन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में देश विदेश के उपासक उपासिकाओं सहित बौद्ध धर्म गुरू शामिल हुए। प्रसिद्ध प्रज्ञागिरि में जय भीम तथा भगवान बुद्ध का जयकारा गूंजते रहा। धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन, सुरई ससाई के मार्गदर्शन में कालकापारा स्थित बौद्ध विहार से विशाल रैली निकाली गई जो मुख्य मार्ग से छिरपानी, संजय नगर मार्ग पर स्थित गौतम बुद्ध और बाबा साहेब की प्रतिमा माल्यार्पण करते हुए प्रज्ञागिरि पहुंची।

#### विभिन्न भाषाओं में बुद्ध वंदना

प्रज्ञागिरि में विराजित बौद्ध प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन परित्राण पाठ और बौद्ध वंदना की गई। उक्त प्रक्रिया जपानी भाषा में में भी हुई। पूजा अर्चना के बाद सभा आयोजित हुई। सभा में देश विदेश से आए लगभग 1 दर्जन भदंत, भंतो, समाजिक राजनितिक जनप्रतिनिधि की मौजूदगी में समाजिक समरसता, तथागत बुद्ध के उदेश्य और सामाजिक बदलाव के लिए डा अंबेडकर द्वारा किए गए प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। शांति के मसीहा के समक्ष नगार्जन सरई ससाई ने पंचशील पाठ किया।



#### सरकार के प्रयास की सराहना

प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने पिछले 33 साल में हुए विकास एवं आने वाले लोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए उपासना केन्द्र, सड़क एवं परिक्रमा पथ की जानकारी दी। उन्होंने प्रज्ञागिरि को एक अलग पहचान देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के प्रयास की सराहना की।



#### सामाजिक एकता और शिक्षा पर जोर

सभा में अतिथियों ने समाजिक एकता और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दिलीप वासनीकर, सुनील रामटेके, रमन डोंगरे, सुनील रामटेके, मधुकर जाम्बुलकर, भोजराम गौखेडे, प्रवीण मुख्यभौरे, अनिल खोब्रागढे, सुरेश सहारे, अनिल खोब्रागढे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, विजेन्द्र ठाकुर, हर्ष भारती, संतोष भिमटे, शैलेष बडगे, अनिल साखरे, अनिल मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, सुनील नागदौने, सुरेश सहारे, श्रीनिवास राव, प्रमोद टेम्भुर्णीकर, अनिकेत मेश्राम, करूणा डोंगरे, मयंक डोंगरे, अयश खांडेकर, संतोष लांजेवार, धन्नालाल गणवीर, संतोष, दीप रामटेके, सुबोध खोब्रागढे, अमन जनबंधु सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक-उपासिकाएं उपस्थित थे।

#### भिक्षु एवं विदेशी अतिथि भी आए

कार्यक्रम में शोमिन ओकाजाकी, सुंदाई होंडा, क्युओं कॉंडो, शूंची जुगे, योसुके कावासाकी, कोकुम्पो अगाता, साइजई अगाता कोसुन ताकियामा, मियुकी कोमोरी, मिका नागासाकी, गा नागासाकी, शौदाई वाताना, रपूपो शिमिन्जु, पासुहरु पासाकी, नाओमी शासकी, हीमैन कांग स्यूशी ताकाणी, स्काई साएकी, भदंत नागानंद, भदंत नागसेन, भदंत डॉ. संघ घोष, भदंत आनंद, भदंत प्रकाश, भदंत महानामा, भदंत प्रज्ञाशील, भदंत प्रज्ञा बोधी, भदंत नागरत्न, भदंत आनंद बोधी, भदंत रेयूकेई मेघकी, भदंत कुमार कश्यप शामिल हुए। इस दौरान धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई, बरितामा नागासाकी, बेन. फ्रा फत्तराफोन टिपाटाइसॉन्गा, येन धमरोंगसिल्पा पोचिसॉन्गा, वेन जेड्राफत श्री बुनमासकुल, चौन सुरच, तामपान, पीरापोन चांधेप, कोविदा सिहा, पॅंगकोटके, ओभदंत नागरल सहित अन्य की उपस्थिति रही। स्वागत भाषण में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद दिया। उन्होंने विपश्यना केन्द्र के साथ अनुयायियों के लिए सुविधाजनक कमरे निर्माण की मांग की।

## लक्ष्मी पटेल का चयन सीआईएसएफ कांस्टेबल में ग्रामीणों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रणवीरपुर

सहसपुर लोहारा विकासखण्ड अंतर्गत रणवीरपुर निवासी लक्ष्मी



पटेल ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर एसएससी जीडी परीक्षा में चयनित होकर सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) कांस्टेबल बनकर क्षेत्र का नाम रौशन किया। साधारण परिवार से निकलकर असाधारण सफलता हासिल करने वाली लक्ष्मी पटेल के पिता गिरधर पटेल रोजी-मजदूरी कर अपनी परिवार की भरण पोषण करते थें। प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होने प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 10वीं से 12वीं तक वर्ष 2019–21 तक गांव से ही पूर्ण की, तत्पश्चात उन्होंने गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा से स्नातक की पढ़ाई पूरी की जो वर्ष 2024 में पूर्ण हुई। स्नातक के द्वितीय वर्ष से ही लक्ष्मी ने एसएससी जीडी की तैयारी शुरू कर दी थी जिसमें प्रथम प्रयास में असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और वर्ष 2024 की दूसरी परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए सीआईएसएफ कांस्टेबल पद पर चयनित हुई। यहां बताना लाजिमी होगा कि लक्ष्मी पटेल ने बिना किसी कोचिंग सेंटर के केवल ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाई की और फिजिकल की पूरी तैयारी गांव में रहकर ही की। उन्होने 11 माह की ट्रेनिंग आरसी-आरटीसी थाकोलम (तमिलनाडु) में पूर्ण हुई। वर्तमान में उनकी पोस्टिंग डीएमआरसी (दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन), दिल्ली में सुरक्षा बल के रूप में है। ट्रेनिंग और एक माह की ड्यूटी के बाद जब लक्ष्मी पहली बार गांव लौटीं तो ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियें ने गाजे बाजे व फूल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। जिस पर लक्ष्मी ने अपनी सफलता पर कहा कि मेरी इस उपलब्धि के पीछे मेरे माता-पिता, मेरे चाचा राजू पटेल तथा मेरे सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान और मार्गदर्शन रहा है। उनके आर्शीवाद और सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। लक्ष्मी पटेल की यह सफलता न केवल रणवीरपुर बल्कि पूरे क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है, यह साबित करती है कि सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य के प्रति सच्ची मेहनत सफलता दिलाती है।

## गुरुकुल के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा में लिया हर्षोल्लास के साथ हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 8वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास भाग लिया। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी शिक्षक की भूमिका में दिखे। उन्होंने 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परीक्षा के विषय में जरूरी परामर्श दिया। मीडिया प्रभारी पीजीटी हिंदी डॉ विजय कुमार शाही ने बतलाया कि इस ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से आए विद्यार्थियों के विभिन्न शंकाओं का प्रधानमंत्री ने सटीक समाधान किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के लिए समय प्रबंधन, तनाव से मुक्ति, लक्ष्य निर्धारण एवं उसकी प्राप्ति के लिए जरूरी प्रयास पर विशेष बल दिया। उन्होंने पालकों एवं अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वह विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं क्षमता के अनुसार उनका सहयोग करें। उन्होंने पाठ्यक्रम को सटीक भाव से समझकर उसे रटने की बजाय समझाने पर बल दिया। उन्होंने परीक्षा से संबंधित जटिल प्रश्नों का उत्तर सरल उदाहरण के द्वारा स्पष्ट किया। उन्होंने प्रधानमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से आत्मीय भाव से वार्तालाप किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गुरुकुल ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने बच्चों से कहा कि प्रधानमंत्री के परामर्श को सभी सावधानी पूर्वक सुने और उसे अपने व्यवहार में अमल करें। शाला के अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारीगण ने आशा व्यक्त की कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के द्वारा शाला के विद्यार्थियों अवश्य लाभान्वित होंगे।

## श्रीमद्भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया की ग्राम भगतपुर में श्रीमद् भागवत सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्व. कुवारू चंद्रवंशी स्व. श्रीमती गोदावरी चंद्रवंशी के वार्षिक श्राद्ध पर संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 3 से 11 फरवरी तक आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पं. कथा व्यास आचार्य मेघानंद शास्त्री, ग्राम आचार्य पं. विकास शर्मा, श्रीमद्भागवत पुराणकर्ता पं. राघव तिवारी, श्रीदेवी भागवत पाठकर्ता शेषनारायण तिवारी व मुख्य यजमान श्रीमती अमोला कोमल चंद्रवंशी, श्रीमती संगीता कमोद चंद्रवंशी, श्रीमती मंजू प्रमोद चंद्रवंशी विराजमान है। जिसमें पं. मेघानंद शास्त्री द्वारा बताया भगवान श्री विष्णु व भक्त प्रहलाद की कथा में भक्तजनों को कथा में बताया कि बहुत पहले की बात है, राक्षसों का एक राजा था हिरण्यकश्यप, हिरण्यकश्यप ने कड़ी तपस्या करके भगवान श्री ब्रह्मा से वरदान पाया था कि ना ही कोई इंसान उसे मार सके, ना कोई जानवर, किसी भी हथियार से उसकी मृत्यु ना हो, ना वो दिन में मरे ना रात में, ना धरती पर ना आकाश में, ना घर के अंदर ना घर के बाहर वहीं वरदान पाकर हिरण्यकश्यप को अपनी ताकत का बहुत घमंड था। वह खुद को ही भगवान मानता था और अपनी प्रजा को उसकी पूजा करने के लिए कहता था। हिरण्यकश्यप का एक पुत्र था प्रहलाद वह भगवान श्री विष्णु का एक सच्चा भक्त था। उसने अपने पिता को भगवान मानने से मना कर दिया। उसके लिए केवल एक ही भगवान थे, भगवान श्री विष्णु। बताया जाता है कि श्रीविष्णु पुराण की एक कथा के अनुसार जिस समय असुर संस्कृति शक्तिशाली हो रही थी, उस समय असुर कुल में एक अद्भुत, प्रहलाद नामक बालक का जन्म हुआ था। उसका पिता, असुर राज हिरण्यकश्यप तथा मां कयाधु वह हिरण्यकश्यप और कयाधु के चार पुत्रों में सबसे बड़ा था, देवताओं से वरदान प्राप्त कर के निरंकुश हो गया था। उसका आदेश था, कि उसके राज्य में कोई विष्णु की पूजा नही करेगा। परंतु भक्त प्रहलाद श्री विष्णु भक्त था और ईश्वर में उसकी अटूट आस्था थी। इस पर क्रोधित होकर हिरण्यकश्यप ने उसे मृत्यु दंड दिया। हिरण्यकश्यप की बहन होलिका जिस को आग से न मरने का वर था, जिस पर प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठ गई, परंतु ईश्वर की कृपा से प्रहलाद को कुछ न हुआ और वह स्वयं भस्म हो गई। इस दिन को होलिका दहन के नाम से मनाया जाता है। अगले दिन भगवान श्री विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का पेट चीरकर उसे मार डाला और सृष्टि को उसके अत्याचारों से मुक्ति प्रदान की। इस ही अवसर को याद कर होली मनाई जाती है। इस प्रकार प्रहलाद की कहानी होली के पर्व से जुड़ी हुई है।

## पोलमी में छात्र-छात्राओं ने सुनी परीक्षा पे चर्चा, पीएम मोदी ने दिए सफलता के मंत्र



**हरिभूमि कुई कुकदुर।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोलमी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। स्कूल परिषर में मोबाइल और साउंड बॉक्स के माध्यम से कक्षा 6वीं, 7वीं और 8वीं के समस्त छात्र-छात्राओं को प्रधानमंत्री का संबोधन सुनाया गया। इस विशेष कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, समय प्रबंधन और आत्मविश्वास के साथ चुनौतियों का सामना करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। बच्चों ने बड़े ही ध्यान से प्रधानमंत्री की बातों को सुना और भविष्य की परीक्षाओं के लिए नई ऊर्जा प्राप्त की। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक राजेन्द्र नेताम, संकुल समन्वयक अशोक पाण्डेय एवं शिक्षक गण राकेश सोनी, महेश उइके, द्वारिका चंद्रवंशी व पुनमचंद्र ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित थें। शिक्षकों ने भी बच्चों को प्रधानमंत्री के बताए मार्ग पर चलने और एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

### अग्निवीर भर्ती ऑनलाइन पंजीयन 1 अप्रैल तक करें

**हरिभूमि कवर्धा।** भारतीय थल सेना ने राज्य के अविवाहित पात्र अभ्यर्थियों से अग्निवीर सैनिक के विभिन्न पद पर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीय व आवेदन मंगाए है। पात्र उम्मीदवार 1 अप्रैल तक थल सेना की वेबसाइट से ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन कर सकते है।

## पोंड़ी सेजेस में परीक्षा पर चर्चा का नवां संस्करण पर पीएम मोदी को बच्चों ने सुना



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

सोमवार को शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का नवमी संस्करण विद्यालय परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम को शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष वेद साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष जयराम साहू, ग्राम पंचायत पोंड़ी के सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू, संस्था के प्राचार्य संजय कुमार गुप्ता, रामफल चंद्रवंशी सहित हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा लगभग 1050 छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा। कार्यक्रम में पालक सुभाष वर्मा एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य रवि निषाद व विजय साहू भी उपस्थित थें। विद्यालय परिसर में चार अलग-अलग स्थानों पर प्रोजेक्टर एवं टीवी स्क्रीन की व्यवस्था कर विद्यार्थियों को कार्यक्रम दिखाया गया।

प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए प्रेरणादायी संदेशों को बच्चों ने पूरी लगन, शांतिपूर्वक एवं उत्साह के साथ सुना, कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं अत्यंत उत्साहित एवं आनंदित नजर आए। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों के साथ कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने सामूहिक फोटो भी खिंचवाया।

## पेज 3 का शेष

### उड़नदस्ते की दबिश...

वैकल्पिक फसलों को अपनाने तथा जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अब सख़्ती बढ़ा दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि जल संरक्षण अधिनियम एवं शासन के आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कड़ी और दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध सिंचाई पाए जाने पर न केवल उपकरणों की जब्ती होगी, बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### श्रीरूद्र महायज्ञ में भक्तजनों की कथा सुनने उमड़ रही भीड़

## शिव ही सृष्टि के रचयिता पालनकर्ता सहारक है जो अहंकार से मुक्त और प्रेम भक्ति और त्याग के प्रतीक है



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव कथा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रवचनकर्ता पंडित सागर मिश्रा (पांडातराई) द्वारा शिव कथा का अत्यंत सरल, मधुर एवं भावपूर्ण शैली में वर्णन किया गया।

पंडित श्री मिश्रा ने शिव की चौपाइयों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा, उनके रूद्र स्वरूप तथा जीवन में शिव तत्व के महत्व को विस्तार से समझाया। शिव कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। कथा में बताया गया कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से शिव कथा का श्रवण करता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्री रुद्र महायज्ञ भगवान शिव के रूद्र रूप को प्रसन्न करने हेतु किया जाने वाला एक पवित्र एवं शक्तिशाली वैदिक अनुष्ठान है, जो सुख-शांति, समृद्धि, मानसिक शांति, रोगों से मुक्ति एवं जीवन के संकटों के निवारण के लिए आयोजित किया जाता है।

इस महायज्ञ से पापों का नाश, पारिवारिक सौहार्द, कालसर्प दोष से मुक्ति, अकाल मृत्यु के भय से रक्षा तथा आध्यात्मिक उन्नति होती है। आयोजन के चलते ग्राम में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। शिव कथा में भाग लेने के लिए ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में कथा पंडाल पहुंच रहे हैं और पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

4 महंगाई का नया झटका: सालभर बाद राहर दाल 25 रुपए महंगी...



2 लक्ष्मी पटेल का चयन सीआईएसएफ कांस्टेबल...



## खबर संक्षेप

### मुरता में आज से होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा

**बेमेतरा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुरता में 7 से 15 फरवरी तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य एवं धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का शुभारंभ शनिवार को भव्य भगवा रैली के साथ किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। श्रीराम कथा के कथा व्यास पंडित तरुण शास्त्री माँ बम्लेश्वरी धाम डोंगरगढ़ रहेंगे। पंडित शास्त्री प्रतिदिन भगवान श्रीराम के आदर्श, मर्यादा एवं जीवन मूल्यों पर आधारित कथा का रसपान कराएंगे। कथा के परायणकर्ता विक्की दुबे एवं खिलेश दुबे होंगे, जबकि आयोजन के यजमान टेकराम साहू एवं ईश्वरी साहू रहेंगे। कार्यक्रम का समापन 15 फरवरी, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 108 पार्थिव शिवलिंगों के भव्य अभिषेक के साथ किया जाएगा। समापन दिवस पर रात्रि 8 बजे से सुप्रसिद्ध लोक गायक संतोष यादव द्वारा भक्ति संगीत की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। यह संपूर्ण आयोजन ग्राम मुरता स्थित माँ मांवली मंदिर के समीप रावणभांठा मैदान में संपन्न होगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### साहू समाज का शपथ ग्रहण समारोह आज

**नांदघाट।** 7 फरवरी को नांदघाट तहसील साहु समाज का शपथग्रहण समारोह कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल के मुख्य आतिथ्य साजा विधायक ईश्वरसाहु बेमेतरा विधायक दीपेश साहु की उपस्थिति तथा बेमेतरा जिला साहु संघ अध्यक्ष नारद साहु की अध्यक्षता में घुरसेना में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण होगा जिसमें अध्यक्ष गौतम साहु उपाध्यक्ष सनत साहु, बबीता साहु सचिव डॉ नरेंद्र साहु, भाना बाई साहु, कोषाध्यक्ष मनहरण साहु अंकेक्षक पंकज साहु नव सामाजिक दायित्व का विधिवत पदभार ग्रहण करेंगे। नांदघाट तहसील क्षेत्र के समस्त परिक्षेत्रीय प्रमुखों ने पदाधिकारियों को शुभकामनाए दी है।

### जमीन बिक्री के नाम पर 55 लाख की ठगी

**भिलाई।** भूमि विक्रय के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी के मामले में सुपेला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को जमीन का एग्रीमेंटधारी बताकर प्रार्थी से लाखों रुपये की ठगी की। पुलिस जांच में फर्जी दस्तावेज और फर्जी बैंक खाते के जरिए रकम आहरण करने का पूरा तरीका सामने आया है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके समीप स्थित लगभग 38,090 वर्गफीट खाली भूमि, जो राजस्व रिकॉर्ड में संदीप जैन और अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है।

# सीबीएसई ने स्कूलों को वेबसाइट अपडेट करने के सख्त निर्देश किए जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने एक बार फिर अपने सभी संबद्ध स्कूलों को सख्त निर्देश जारी किया है। बोर्ड ने स्कूलों से कहा है कि वे अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक सूचना जो पालकों को जाननी आवश्यक है, से जुड़ी जानकारी अनिवार्य रूप से अपडेट करें। सीबीएसई ने साफतौर पर कहा है कि अगर निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो संबंधित स्कूलों पर कार्रवाई हो सकती है। बोर्ड के मुताबिक कई स्कूलों की की वेबसाइट पर अब भी शिक्षकों से जुड़ी पूरी जानकारी उपलब्ध नहीं है। जबकि नियमों के अनुसार शिक्षकों के नाम, उनकी शैक्षणिक योग्यता, नियुक्ति की स्थिति और स्वप्रमाणित दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करना जरूरी है। यह निर्देश सीबीएसई द्वारा पहले भी कई बार सर्कुलर के माध्यम से जारी किया जा चुका है और संबद्धता संबंधित नियमों में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि यदि स्कूल ये जानकारी अपलोड नहीं करते हैं, तो बोर्ड एफिलिएशन (संबद्धता) वापस लेने या जुर्माना लगाने जैसी सख्त कार्रवाई कर सकता है। यह कदम अभिभावकों को सूचित निर्णय लेने और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। स्कूलों को अपने वेबसाइट पर 15 फरवरी 2026 तक अद्यतन जानकारी डालनी होगी।

## अभिभावकों के लिए पारदर्शिता बढ़ाने के लिए 15 फरवरी तक अपलोड करनी होगी जरूरी जानकारी

### फीस-छात्रों की संख्या जरूरी

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि स्कूल की वेबसाइट पर सिर्फ शिक्षकों की जानकारी ही नहीं, बल्कि स्कूल की संबद्धता स्थिति, उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर, फीस का विवरण, कक्षावार छात्रों की संख्या और संपर्क से जुड़ी जानकारी भी सार्वजनिक होनी चाहिए। यह सभी जानकारियां संशोधित प्रारूप में अपलोड की जानी है। बोर्ड ने स्कूलों को फरवरी तक का समय दिया है, ताकि वे अपनी वेबसाइट पर सभी जरूरी जानकारियां अपडेट कर सकें। हाल ही में की गई जांच और मॉनिटरिंग के दौरान यह पाया गया कि कई स्कूलों में शिक्षकों की योग्यता से जुड़ा डेटा वेबसाइट पर नहीं था, जिसे सीबीएसई ने गंभीर मामला माना है।




### छात्र-शिक्षक अनुपात

निर्देशों में यह भी कहा गया है कि शिक्षक-छात्र अनुपात 30:1 से अधिक नहीं होना चाहिए। साथ ही प्रत्येक सेक्शन के लिए कम से कम 15 शिक्षक अनिवार्य रूप से होने चाहिए। इसका मकसद यह है कि छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सके। सीबीएसई का कहना है कि यह जानकारी अभिभावकों के लिए बहुत जरूरी है, ताकि वे स्कूल की पारदर्शिता और शिक्षा की गुणवत्ता को समझ सकें। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर कोई स्कूल इन निर्देशों का पालन नहीं करता है, तो दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

## अव्यवस्था : कलेक्टर-एसपी कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे बना मैरिज हाल की पार्किंग

# मैरिज पार्टी की अवैध पार्किंग से हाईवे पर दो किमी लंबा जाम, एंबुलेंस भी फंसी, प्रशासन की नाकामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- बिना पार्किंग व कम क्षमता वाले मैरिज हालों पर कार्रवाई न होना प्रशासनिक विफलता

जिला प्रशासन की आंखों के सामने, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के ठीक सामने स्थित नेशनल हाईवे पर गुरुवार को अराजक स्थिति निर्मित हो गई। एक मैरिज हाल में आयोजित शादी समारोह के चलते नेशनल हाईवे को अवैध पार्किंग में तब्दील कर दिया गया, जिससे करीब दो किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई और आमजन घंटों तक जाम में फंसे रहे।

शादी जैसे निजी आयोजन के लिए राष्ट्रीय महत्व के मार्ग को बाधित करना न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ाना है, बल्कि यह जन सुरक्षा से सीधा खिलवाड़ भी है। इसके बावजूद न तो मैरिज हाल संचालक पर कोई रोक दिखी और न ही प्रशासन की ओर से समय पर सख्ती नजर आई। जानकारी के अनुसार संबंधित मैरिज हाल की वैध क्षमता सीमित है और पर्याप्त पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, फिर भी बड़े आयोजनों की खुली छूट दी जा रही है।





मेहमानों के वाहन सीधे नेशनल हाईवे पर खड़े कराए गए, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है। जाम में फंसे राहगीर अजय ने कहा कि हाईवे पर मैरिज हाल की अनुमति ही गलत है, प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। स्थानीय नागरिक मनोज ने कहा कि अब जरूरत है कि प्रशासन नेशनल हाईवे पर स्थित मैरिज हालों की अनुमति की समीक्षा करे, ओर बिना पार्किंग वाले आयोजनों पर तत्काल रोक लगाए और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए,ताकि आमजन को हर शादी के साथ जाम की सजा न भुगतनी पड़े।

जाम में फंसी एंबुलेंस, बड़ा खतरा टला

जाम के दौरान एक एंबुलेंस भी ट्रैफिक में फंस गई। राहत की बात यह रही कि एंबुलेंस मरीज को छोड़कर लौट रही थी। यदि उसमें मरीज होता, तो स्थिति जानलेवा हो सकती थी। यह घटना बताती है कि ऐसे मैरिज हाल शहर के लिए टाइम बम बन चुके हैं।

### हाईवे पर मैरिज हालः क्या कहते हैं नियम

नियमों के अनुसार नेशनल हाईवे पर किसी भी प्रकार की पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित, आयोजन स्थल के भीतर पर्याप्त निजी पार्किंग अनिवार्य,बड़े समारोहों के लिए यातायात विभाग की पूर्व अनुमति, उल्लंघन पर भारी जुर्माना व लाइसेंस निरस्तीकरण का प्रावधान है, लेकिन बेमेतरा में नियम केवल फाइलों तक सीमित नजर आ रहे हैं।

### हाईवे पर पार्किंग, नियमों की धज्जियां

जानकारी के अनुसार उक्त मैरिज हाल की क्षमता सीमित है और वैध पार्किंग की व्यवस्था न के बराबर। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर आयोजन की अनुमति दी जाती है। नतीजा यह कि मेहमानों के वाहन सीधे नेशनल हाईवे पर खड़े कराए जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### अब कार्रवाई नहीं तो हादसा होना तय

जनहित में आवश्यक है कि प्रशासन नेशनल हाईवे पर स्थित मैरिज हालों की अनुमति तत्काल समीक्षा करे ओर बिना पार्किंग व कम क्षमता वाले मैरिज हालों पर सख्त कार्रवाई करे साथ शादी समारोह के नाम पर हाईवे जाम करने की प्रवृत्ति पर पूर्ण विराम लगाए। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे मैरिज हालों को शहर से बाहर या सर्विस रोड से दूर स्थानों पर ही अनुमति दी जानी चाहिए। बिना पार्किंग और सीमित क्षमता वाले आयोजन स्थल पूरे शहर की यातायात व्यवस्था को बंधक बना रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर सख्त कार्रवाई करता है या फिर अगली शादी के साथ अगला जाम आम लोगों की मजबूरी बनता रहेगा।

# 'घूसखोर पंडित' शीर्षक पर उबाल ब्राह्मण समाज ने की फिल्म पर तत्काल प्रतिबंध की मांग

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

- सामाजिक सौहार्द से खिलवाड़, निर्माता-निर्देशक पर एफआईआर की मांग
- मौलिक स्वतंत्रता की आड़ में किसी भी समाज को नीचा दिखाने की इजाज़त नहीं

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ होने जा रही फिल्म 'घूसखोर पंडित' को लेकर जिले में विरोध शुरू हो गया है। सर्व ब्राह्मण समाज ने फिल्म के शीर्षक को खुले तौर पर ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाला बताते हुए इसे सुनियोजित साजिश करार दिया है। समाज के पदाधिकारियों ने दो टूक में कहा है कि मौलिक स्वतंत्रता की आड़ में किसी भी समाज को नीचा दिखाने की इजाज़त नहीं दी जाएगी।

सर्व ब्राह्मण समाज के उपप्रांताध्यक्ष लेखमणी पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, प्रदेश प्रचार सचिव दीपक पाण्डेय, संभागीय महासचिव डॉ. शिरीष शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि 'पंडित' शब्द सदियों से सम्मान, मर्यादा और ज्ञान का प्रतीक रहा है, उसे 'घूसखोर' जैसे अपमानजनक शब्द से जोड़ना पूरे समाज की गरिमा पर सीधा हमला है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस फिल्म के जरिए एक विशेष वर्ग को जानबूझकर भ्रष्ट और नकारात्मक रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे समाज में जातिगत विद्वेष और नफरत फैलने की आशंका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की फिल्में सामाजिक सौहार्द को तोड़ने का काम करती हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्राह्मण समाज ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि फिल्म के प्रदर्शन पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### प्रशासन हस्तक्षेप करे

साथ ही समाज ने मांग की है कि फिल्म के निर्माता एवं निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी समाज विशेष की भावनाओं से खिलवाड़ करने का दुस्साहस न कर सके। समाज ने प्रशासन से अपील की है कि समय रहते हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया जाए, अन्यथा इसका सीधा असर कानून-व्यवस्था पर पड़ सकता है।

# खरीफ मौसम,रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव की प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने कृषि विभाग की पहल

खरीफ खेती के लिए कृषि विभाग द्वारा रासायनिक उर्वरकों के अग्रिम उठाव की कार्रवाई फरवरी से 31 मई तक प्रारंभ कर दी गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम के दौरान उर्वरकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करना, संभावित कमी से बचाव करना तथा वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखना है।

कृषि विभाग द्वारा खरीफ वर्ष 2026 के लिए विभिन्न रासायनिक उर्वरकों का कुल 37,800 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। किसानों को राहत प्रदान करते हुए यह भी निर्णय लिया गया है कि 1 फरवरी से 31 मई तक अग्रिम रूप से उठाए गए रासायनिक उर्वरकों पर सहकारी समितियों द्वारा कृषकों से किसी प्रकार का ब्याज अधिभारित नहीं किया जाएगा। इससे किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा और वे बिना अतिरिक्त वित्तीय बोझ के आवश्यक उर्वरक समय रहते प्राप्त कर सकेंगे।

### कृषकों से समय रहते उर्वरक उठाव की अपील

उप संचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना द्वारा जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे खरीफ वर्ष 2026 हेतु आवश्यक रासायनिक उर्वरकों का अग्रिम उठाव अपने नजदीकी सहकारी समिति से समय रहते कर लें। इससे खरीफ मौसम के दौरान उर्वरकों की संभावित कमी, अनावश्यक भीड़, वितरण संबंधी अव्यवस्था एवं विलंब से बचा जा सकेगा।

### वितरण के लिए निर्धारित लक्ष्य

निर्धारित लक्ष्य के अनुसार यूरिया – 16,600 मीट्रिक टन, डीएपी –10,000 मीट्रिक टन, एनपीके – 6000 मीट्रिक टन, एमओपी – 2200 मीट्रिक टन, एसएसपी – 3000 मीट्रिक टन इस अग्रिम योजना के तहत सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों तक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

# नेशनल लोक अदालत लगेगी 14 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सफल आयोजन को लेकर न्यायिक-प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को किया जाएगा। लोक अदालत आयोजन तथा अधिक से अधिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण को लेकर जिला न्यायालय परिसर में न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सरोज नंद दास ने की।

बैठक में पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहित सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिता कोशिमा रावटे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रधान जिला न्यायाधीश ने बैठक में पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि न्यायालय द्वारा प्री-सीटिंग के लिए जारी नोटिसों की समयबद्ध एवं प्रभावी तामिली सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार लोक अदालत में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का राजीनामे के आधार पर निराकरण करा सकें। साथ ही राजस्व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के शीघ्र निपटारे पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष द्वारा लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, बैनर, पोस्टर एवं फ्लैक्स लगाने तथा आम नागरिकों को आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से अपने विवाद सुलझाने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।



### इन मामलों का किया जाएगा निराकरण

बैठक में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउंस, मोटरयान अधिनियम से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निष्पादन वाद, बीमा, भरण-पोषण, परिवार न्यायालय के प्रकरण, सिविल वाद, बैंक रिकवरी, विद्युत, जलकर, संपत्ति कर, टेलीफोन एवं विभिन्न राजस्व प्रकरणों का राजीनामे के आधार पर निराकरण किया जाएगा।

## सिंघौरी स्कूल में शिक्षक, अभिभावक सहित विद्यार्थियों ने सुनी परीक्षा पे चर्चा

# प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने की दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा सन् 2018 से हर साल आयोजित होने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। कार्यक्रम के दौरान

- छात्र- छात्राओं ने डायरी में मुख्य बिंदुओं को किया नोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत करते हैं। बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं को तनावमुक्त और सहज तरीके से कैसे दिया जाए, इस पर सुझाव देते हैं।

हाईस्कूल, पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला सिंघौरी में अभिभावक, शिक्षक सहित बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम दिखाया गया। बच्चों ने शांतिपूर्ण ढंग से यह कार्यक्रम देखा और सुना। चर्चा के प्रमुख बिंदुओं को डायरी में नोट भी किया।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान जनप्रतिनिधि एवं अभिभावकों में नारद साहू एसएमसी अध्यक्ष, नीतू कोठारी पार्षद, पोषण वर्मा, गजाधर साहू,सूरज साहू सहित संजय प्यासी प्राचार्य, सरस्वती साहू प्रधान पाठक, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक,शशिकला यादव,रामगोपाल चंद्राकर,राजेश गायकवाड़, देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,सरिता बंजारे ,प्रतिभा,पूनम साहू सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## डीहपारा बासीन स्कूल के बच्चों ने देखा प्रधानमंत्री का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन विकासखंड साजा में गुरुवार को विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण का सजीव प्रसारण देखा। यह कार्यक्रम 6 फरवरी को सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया, जिसे बच्चों ने बड़े उत्साह और एकाग्रता के साथ देखा व सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी, तनाव से मुक्त रहने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा स्वयं को मानसिक रूप से तरोताजा रखने के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन और उपयोगी टिप्स दिए। बच्चों ने पूरे कार्यक्रम के दौरान गहरी रुचि दिखाई और प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक आत्मसात किया। प्रधानपाठक गोपी चरण साहू ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं पालकों को संबोधित करते हुए बताया कि परीक्षा पे चर्चा शिक्षा मंत्रालय की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री सीधे देशभर के छात्रों से संवाद करते हैं। इस कार्यक्रम में परीक्षा से जुड़े तनाव, तैयारी की रणनीतियों और अन्य शैक्षणिक विषयों पर चर्चा की जाती है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यह कार्यक्रम दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होता था, लेकिन अब इसे देशव्यापी और डिजिटल स्वरूप प्रदान किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ सीमा रानी देवांगन, जमुना ठाकुर, तीरीथ बाई, पुन्नी लाल गोंड सहित अन्य उपस्थित रहे।

# उड़नदस्ते की दबिश, चार गांव से 13 मोटर पंप जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- ग्रीष्मकालीन धान पर प्रशासन का प्रहार

ग्रीष्मकालीन धान की अवैध सिंचाई पर रोक लगाने प्रशासन ने सख़्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज़ कर दी है। जल संरक्षण नियमों की अनदेखी कर प्रतिबंधित अवधि में धान की सिंचाई कर रहे किसानों के खिलाफ विभागीय उड़नदस्ता टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। बीते दिवस क्षेत्र भ्रमण के दौरान टीम ने नियमों का उल्लंघन करते हुए ग्रीष्मकालीन धान की सिंचाई करते किसानों को रंगे हाथों पकड़ा।

कार्रवाई के दौरान ग्राम ताकम से 7, पाथरपूंजी से 2, सिंवार से 1 तथा सलधा से 3 मोटर पंप जब्त किए गए। इस तरह कुल 13 नग मोटर पंप जप्त कर नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि संबंधित कृषकों द्वारा शासन के निर्देशों की अनदेखी करते हुए प्रतिबंधित अवधि में अत्यधिक जल दोहन किया जा रहा था, जिससे क्षेत्र के भू-जल स्तर पर गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका है। प्रशासन ने पहले ही किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम पानी वाली ▶▶| शेष पेज 2 पर



